संत थॉमस स्कूल धुर्वा राँची

सत्र (2021- 22)

<u>मॉडल उत्तर</u>

पाठ **16 (** भूल न जाना**)**

शब्दार्थ :-

व्यर्थ - बेकार
कसरत - व्यायाम
तन - शरीर
स्वच्छ - साफ
नित्य - रोज
शिथिलता - सुस्ती , ढीलापन
मान - इज्जत
आशीष - आशीर्वाद
अभिमान - घमंड

प्रश्न **1)** प्रश्न उत्तर **:-**

उत्तर क) मैं सवेरे 6:00 बजे उठती हूँ।

ख) तन कसरत से स्वस्थ बनता है।

ग) हमें व्यर्थ के बहाने नहीं बनाने चाहिए क्योंकि व्यर्थ के बहाने बनाने से हमारा काम सही समय पर नहीं हो पाता है ।

घ) स्वच्छ भोजन तथा प्रतिदिन कसरत स्वस्थ रहने के लिए जरूरी है।

ङ) स्कूल से मिला गृह कार्य समय पर कर लेने से पढ़ा हुआ पाठ याद रहता है और शिक्षक भी प्रसन्न रहते हैं।

च) बड़ों का आदर करने से हमें आशीर्वाद मिलता है।

प्रश्न **2)** सही शब्द चुनकर पंक्तियाँ पूरे कीजिए **:-**

क) काम समय पर ही सब करना

ख) नहीं कभी अभिमान दिखाना

प्रश्न **4)** कविता की पंक्तियां पूरी कीजिए **:-**

क) सदा सवेरे <u>प्रातः उठना</u> ,
<u>काम समय पर</u> ही सब करना।
नहीं बहाने <u>व्यर्थ बनाना,</u>
<u>अच्छी बातें</u> भूल न जाना।।

ख) कड़वी बात न <u>मुख से कहना</u>,
<u>बुरी बात पर</u> कान न देना ।
केवल मीठे <u>वचन सुनाना,</u>
<u>अच्छी बातें</u> भूल न जाना ।।

अनुच्छेद लेखन

<u>पिकनिक</u>

पिछले रविवार को पिताजी ने पूरे परिवार के साथ पिकनिक जाने की योजना बनाई। पिकनिक के लिए हमने रातू पार्क स्थान को चुना। सुबह उठकर हम सब जल्दी से नहा धोकर तैयार हो गए। हमने मिलकर जल्दी-जल्दी खाने पीने का सामान और कुछ खेलने के सामान भी कार में रखे। पापा ने अपनी कार निकाली और हम सब पिकनिक के लिए निकल पड़े। हम 10:00 बजे लगभग पिकनिक स्थान पर पहुँच गए। वहाँ हमने एक स्थान पर दरी बिछाई और बैठ गए। पूरा पार्क फूलों से भरा हुआ था। वहाँ कई तरह के झूले भी लगे थे ।हमने बारी-बारी से सभी झूलों का लाभ उठाया। वहाँ गाने की प्रतियोगिता भी हो रही थी, हमने भी प्रतियोगिता में भाग लिया।दोपहर हो चुकी थी, हमने भोजन किया।थोड़ी देर बाद हम लोगों ने बैडमिंटन खेला फिर नौका विहार किया। वहाँ हमने कई तरह के फोटो भी खींचे। वह पार्क बहुत सुंदर था। शाम होने से पहले हम घर लौट आए। मुझे पिकनिक पर जाना बहुत अच्छा लगता है।

--××××--